छात्र क्रिया कलाप केन्द्र का प्रतिवेदन

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिये रजत जयंती सभागार में विद्यार्थी क्रिया कलाप केन्द्र का आरंभ किया गया है। जिससे छात्रों की बहु प्रतिक्षित मांग पूर्ण हुई। छात्र इसका पूर्ण लाभ ले रहे हैं। क्रिया कलाप केन्द्र में एल.सी.डी. 42'' टी.वी., म्यूजिक सिस्टम (होम थियेटर) टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज आदि की व्यवस्था के साथ संचालित है।

छात्रों की रूचि को ध्यान में रखते हुये 18.09.11 के बाद वानिकी विभाग से प्राप्त एक टेबल टेनिस की और वृद्धि की गई जिससे छात्रों की खेलने की सुविधा में अतिरिक्त विस्तार हो गया है। केन्द्र की दीवारों पर रंग रोगन कर वातावरण को और बेहतर बनाया गया है। लगातार साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है। छात्रों के परिचय पत्र देखकर उनकी उपस्थिति भी दर्ज कराई जाती है। छात्र–छात्राओं की बढ़ती हुई संख्या इसकी उपयोगिता का प्रमाण है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण